**दिनांक : 22/04/2026** **समय :7.10एएम**

**प्रादेशिक समाचार एकांश**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रात:कालीन समाचार**

मुख्य समाचार :-

- मुख्यमंत्री मोहन यादव की अध्यक्षता में आज मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित होगी।
- फिलीपींस के प्रतिनिधिमंडल ने भोपाल के ग्लोबल स्किल पार्क का दौरा किया।
- भोजशाला मामले में हाईकोर्ट ने एएसआई को सर्वे की रिकॉर्डिंग साझा करने के निर्देश दिए हैं।
- पीथमपुर के वेस्ट प्लांट में लगी आग, आग पर काबू पाने के प्रयास जारी।
- महिला टी-20 श्रृंखला में आज भारत और दक्षिण अफ्रीका आमने-सामने होंगे।

मंत्रिपरिषद बैठक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा कर फैसले लिए जाएंगे। बैठक के बाद मुख्यमंत्री सहकारिता विभाग और द्वारका नगरी योजना से जुड़ी नियमों और प्रक्रियाओं की समीक्षा भी करेंगे।

फिलीपींस प्रतिनिधिमंडल- भोपाल स्किल पार्क दौरा

भोपाल के संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क में कल फिलीपींस के 24 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने दौरा किया और यहां के स्किल डेवलपमेंट मॉडल को करीब से समझा। कौशल विकास राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने बताया कि यह पार्क युवाओं को आधुनिक और रोजगार से जुड़ी ट्रेनिंग दे रहा है, जिससे वे देश-विदेश में नौकरी पा रहे हैं।प्रतिनिधिमंडल ने प्रशिक्षण व्यवस्था, लैब और सुविधाओं का निरीक्षण किया और इस मॉडल की सराहना की।

भोजशाला-हाईकोट निर्देश

धार के भोजशाला विवाद मामले में कल हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने अहम निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने एएसआई को आदेश दिया है कि 98 दिन तक चले सर्वे की वीडियोग्राफी 27 अप्रैल से पहले गूगल ड्राइव पर अपलोड कर दोनों पक्षों को उपलब्ध कराई जाए। सुनवाई के दौरान मस्जिद पक्ष ने सर्वे की रिकॉर्डिंग देखने की मांग की थी, ताकि वे अपनी आपत्तियां दर्ज कर सकें।वहीं एएसआई ने समय की कमी का हवाला दिया, लेकिन कोर्ट ने इसे खारिज करते हुए तय समय में रिकॉर्डिंग देने को कहा है।

एलपीजी आपूर्ति-संयुक्त सचिव

सरकार ने कहा है कि देश भर में घरेलू एलपीजी आपूर्ति सामान्य है और किसी भी एलपीजी वितरक के यहां आपूर्ति में कमी की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों पर नई दिल्ली में अंतरमंत्रालयी संवाददाता सम्मेलन में बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और एलपीजी की बढ़ती कीमतों के बावजूद, सरकार ने घरेलू एलपीजी आपूर्ति को निर्बाध रूप से सुनिश्चित करने का प्रयास किया है। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव मुकेश मंगल ने कहा है कि फारस की खाड़ी क्षेत्र में सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं।

गैस एजेंसी जुर्माना

उज्जैन में गैस सिलेंडर हेरफेर के मामले में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत पहला प्रकरण दर्ज किया गया है। आर्य समाज मार्ग स्थित भारत गैस एजेंसी के संचालक पर कार्रवाई करते हुए करीब 4 लाख रुपये जुर्माने का प्रस्ताव भी रखा गया है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि उपभोक्ताओं की लगातार शिकायतों के बाद जांच की गई, जिसमें गड़बड़ी सामने आई।

प्लांट आग-पीथमपुर

धार जिले के पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में एक वेस्ट डिस्पोजल प्लांट में देर रात भीषण आग लग गई, जिसके साथ धमाकों की भी खबर है। यह आग सेक्टर-3 स्थित हजारगो वेस्ट प्लांट से शुरू होकर आसपास की 2 से 3 यूनिट तक फैल गई। एडिशनल कलेक्टर अभिषेक चौधरी ने बताया कि मौके पर दमकल की गाड़ियां, पानी के टैंकर और फोम टेंडर तैनात हैं और आग पर काबू पाने की लगातार कोशिश की जा रही है।

बाइट - एडिशनल कलेक्टर, अभिषेक चौधरी

वहीं एसपी मयंक अवस्थी के अनुसार, एहतियात के तौर पर रास्तों को बंद कर दिया गया है।

पहलगाम आतंकी हमला-बरसी

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की आज पहली बरसी है। पिछले वर्ष इसी दिन, पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 निर्दोष लोगों, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे, की हत्या कर दी थी। इस जघन्य कृत्य ने पूरे देश को झकझोर दिया था और दुनिया भर की सरकारों तथा नेताओं ने इसकी कड़ी निंदा की थी। पेश है रिपोर्ट....

रिपोर्ट- .....

"एकात्म पर्व"-ओंकारेश्वर

खंडवा जिले के ओंकारेश्वर में आयोजित पांच दिवसीय "एकात्म पर्व" का कल समापन हो गया। एकात्म धाम में हुए इस कार्यक्रम में देश-विदेश के 700 से ज्यादा युवाओं को शंकरदूत के रूप में दीक्षित किया गया, जो अब आदि शंकराचार्य के अद्वैत वेदांत के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएंगे। समारोह में संतों, विद्वानों और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी रही, जहां अद्वैत दर्शन के प्रसार और भारतीय आध्यात्मिक परंपरा को वैश्विक स्तर तक ले जाने पर जोर दिया गया।

मेट्रो परियोजना, भोपाल-कलेक्टर

भोपाल कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने मेट्रो परियोजना को लेकर काम तेज करने के निर्देश दिए गए हैं। समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने कहा कि भूमि अधिग्रहण से जुड़े मामलों का जल्द से जल्द निराकरण किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जहां कोई विवाद नहीं है, वहां निर्माण कार्य तुरंत तेज किया जाए, ताकि परियोजना समय पर पूरी हो सके। भोपाल मेट्रो के तहत ऑरेंज और ब्लू लाइन पर काम चल रहा है, जो शहर के कई प्रमुख इलाकों को जोड़ेगी।

मौसम

प्रदेश में भीषण गर्मी का असर लगातार बढ़ता जा रहा है। खजुराहो और नर्मदापुरम में तापमान 43 डिग्री तक पहुंच गया है, जबकि भोपाल, इंदौर, जबलपुर और उज्जैन में भी तेज गर्मी लोगों को परेशान कर रही है। मौसम विभाग ने आज ग्वालियर समेत 10 जिलों- भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, रतलाम, झाबुआ, धार और अलीराजपुर में लू चलने की चेतावनी जारी की है।

आईपीएल-क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट में कल रात हैदराबाद में सनराईजर्स हैदराबाद ने डेल्ही कैपिटल्स को 47 रन से हरा दिया। सनराईजर्स हैदराबाद के 243 रन के लक्ष्य के जवाब में दिल्ली की टीम 9 विकेट पर 195 रन ही बना सकी। तो वहीँ महिला टी-20 क्रिकेट में आज भारत का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से होगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :-

- सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह की मौजूदगी में आज सामाजिक न्याय विभाग के मैदानी अमले का चिंतन शिविर भोपाल स्थित सामाजिक न्याय विभाग के सभागार में आयोजित होगा।
- आकाशवाणी बैतूल द्वारा रेडियो के 90 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज 22 अप्रैल 2026 को शासकीय एकलव्य महिला आई.टी.आई. में तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता आयोजन किया गया है।
- खंडवा में 25 अप्रैल को जिले के विभिन्न डाकघरों में विशेष आधार पंजीयन एवं अपडेट कैंप आयोजित किया जाएगा।
- विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् के उपाध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त मोहन नागर आगरमालवा के ग्राम किलोना में आज जल संगोष्ठी में शामिल होगें।
- मल्हारगढ़ तहसील में जनगणना अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में 260 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से स्व-गणना फॉर्म भरे।
- शिवपुरी कलेक्टर अर्पित वर्मा ने कल शासकीय विद्यालयों के औचक निरीक्षण के दौरान एक विद्यालय बंद होने और सिंहनिवास विद्यालय में 5 शिक्षक अनुपस्थित होने पर थे। जिला शिक्षा अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

- जिला जेल पन्ना एवं उप जेल पवई में, 26 अप्रैल को विशेष जेल लोक अदालत आयोजित की जाएगी।
- झाबुआ कलेक्टर ने जिले में खुले एवं अनुपयोगी बोरवेल को तत्काल मजबूत ढक्कनों से बंद करने के निर्देश जारी किए गए हैं। आदेश का उल्लंघन करने पर दंडनीय कार्यवाही की जाएगी।
- दतिया में समय सीमा बैठक में कलेक्टर ने नरवाई जलाने पर एफआईआर संबधितों पर एफआईआर करवाने और स्वगणना कार्य प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिये।
- सीएम हेल्पलाइन रैंकिंग में डिंडोरी जिले ने पूरे प्रदेश के द्वितीय समूह में तीसरा स्थान हासिल किया है।

-------------